an>

Title: Need to ensure adequate supply of LPG in Hoshiarpur Parliamentary Cconstituency, Punjab.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : महोदया, रसोई गैस आज आम आदमी की रसोई से गायब होती नजर आ रही है। सरकारी रेट पर गैस का सिलैंडर मिलना एक सपना सा हो गया है। पंजाब के होशियारपुर जिला की तहसील गढ़शंकर में सिर्फ एक ही गैस एजेंसी है और गांव सैला के लोगों को दस-दस किलोमीटर से सिलैंडर लाना पड़ता है। इसी तरह नूरपुर बेदी, श्री आनन्दपुर साहेब और बलाचौर जो होशियारपुर लोक सभा क्षेत्र के शहर हैं, वहां पर पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस न मिलने के कारण और रसोई गैस की एजेन्सियां ग्राहकों के हिसाब से न होने के कारण लोगों को निर्धारित कीमत पर रसोई गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। वैसे भी यह क्षेत्र एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इसलिए इस तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गैस न मिलने के कारण लोग सड़कों पर जाम लगाते हैं और कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ने का डर रहता है। यहां पर गैस व्यवस्था ठीक की जाए और नई गैस एजेंसियां दी जाएं। ..(व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : महोदया, लोगों को गैस नहीं मिल रही है।

सभापति महोदया : ऐसा जरूरी नहीं है, परंतु आपकी बात रिकार्ड पर जायेगी, यहां रिकार्डिंग हो रही है[b27]।

MADAM CHAIRMAN : Shri Suresh Angadi – not present.

Prof. Prem Kumar Dhumal – not present.

Shri P. Karunakaran.